# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 21.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता में बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व किया।

2. केंद्रीय मंत्री किरेन रीजिजू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में आयोजित योग दिवस समारोह में भाग लिया।

3. राष्ट्रीय वयोश्री और ADIP योजना के तहत द्वीपसमूह में कल से निशुल्क मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा।

4. पर्यटन विभाग की ओर से प्रदर्शनी मैदान में छब्बीस जून से दो दिवसीय 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट' का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कोलकाता में बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के प्रमुख कार्यक्रम का नेतृत्व किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि योग, मानसिक स्वास्थ्य से शारीरिक स्वास्थ्य का मार्ग प्रशस्त करता है। द्वीपसमूह में केंद्रीय संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजिजू ने आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस द्वीप में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि योग क्षेत्रों, संस्कृतियों और समुदायों के लोगों को आपस में जोड़ने वाली एक शक्तिशाली शक्ति के रूप में उभरा है। उन्होंने सभी से शारीरिक कल्याण, मानसिक शांति और समग्र विकास हासिल करने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया।

कार्यक्रम में द्वीपों के उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी. के. जोशी, मुख्य सचिव, वरिष्ठ अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। योग सत्र से पहले, केंद्रीय मंत्री और उप–राज्यपाल ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में योग प्रेमियों, सरकारी अधिकारियों और आम जनता ने भाग लिया।

इस बीच, कृषि निदेशालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इसमें कृषि निदेशक देबब्रत बसंतिया, विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान के अभ्यास किए, जो शारीरिक फिटनेस, मानसिक कल्याण और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देने में योग के महत्व को रेखांकित करते हैं। इस अवसर पर कृषि निदेशक ने योग को दैनिक जीवन में शामिल करने की आवश्यकता पर बल दिया। द्वीपसमूह के विभिन्न स्थानों पर भी आज योगाभ्यास किया गया।

उधर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बिल्लीग्राउंड में जिला स्वास्थ्य समिति तथा राज्य आयुष सोसायटी के सहयोग से पीएम श्री जीएसएसएस स्वदेशनगर में स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय के साथ बारहवां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रमुख शिबानी मजूमदार मुख्य अतिथि थी। इस अवसर पर वृक्षासन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया तथा क्षय रोग के प्रति जागरूकता व्याख्यान भी आयोजित किया गया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज कोलकाता में स्वदेश निर्मित नौसेना के तीन पोत आईएनएस दुनागिरी, संशोधक और अग्रय को राष्ट्र को समर्पित किया। इस

अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जहाज निर्माण क्षेत्र में नई सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार ने हाल के वर्षों में कई नीतिगत सुधार किए हैं और घरेलू निर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए विशेष कदम उठाए गए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रक्षा उत्पादन के साथ–साथ रक्षा निर्यात में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। नौसेना के अनुसार, इन तीनों पोतों में पचहत्तर प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का उपयोग किया गया है और निर्माण में दो सौ से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों का योगदान रहा है।

<><><><><><><>

केंद्र सरकार ने सोलह फिक्स्ड डोज़ कॉम्बिनेशन–एफडीसी दवाओं के निर्माण, बिक्री और वितरण पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। यह फैसला सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश पर की गई विशेषज्ञ समिति की समीक्षा के बाद लिया गया। समिति ने पाया कि इन दवाओं के संयोजन का पर्याप्त चिकित्सीय औचित्य नहीं है और इनके उपयोग से स्वास्थ्य संबंधी जोखिम हो सकते हैं। प्रतिबंधित दवाओं में त्वचा रोग, दर्द निवारण, ऐंठन और कुछ एंटीबायोटिक दवाएं शामिल हैं। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कहा है कि इस कदम का उद्देश्य केवल सुरक्षित, प्रभावी और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। मंत्रालय ने राज्य औषधि नियामकों और संबंधित एजेंसियों को इस प्रतिबंध को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए है।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय वयोश्री और ADIP योजना के तहत द्वीपसमूह में कल से दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों को मुफ्त सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए निशुल्क मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। ADIP योजना के लाभार्थियों के पास

न्यूनतम चालीस प्रतिशत या उससे अधिक विकलांगता का वैध UDID कार्ड होना, और उनकी मासिक आय बाईस हजार पांच सौ रूपये से कम होनी चाहिए, जबकि राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत आने वाले आवेदक की उम्र साठ वर्ष से अधिक और उनकी मासिक आय पन्द्रह हजार रूपये से कम होनी चाहिए। ब्रुक्शाबाद में कल सुबह नौ बजे से दोपहर दो बजे तक तथा फरारगंज में तेईस, बाराटांग में पच्चीस, रंगत में छब्बीस, मायाबंदर जिला अस्पताल में सत्ताईस और अट्ठाईस जून को डिगलीपुर के चिकित्सा केन्द्रों पर शिविर लगेगा।

<><><><><><><><><><>

केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान का उनचासवाँ स्थापना दिवस तेईस जून को मनाया जाएगा। इस अवसर पर कृषि, पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा और मत्स्य पालन सचिव पल्लवी सरकार मुख्य अतिथि और नाबार्ड के महाप्रबंधक के. विजयपांडियन सम्माननीय अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। तेईस जून उन्नीस सौ अट्ठहत्तर क्यारी अंडमान निकोबार द्वीपसमूह तथा मिनिकॉय के लिए एक प्रमुख कृषि अनुसंधान संस्थान के रूप में कार्य कर रहा है। संस्थान ने तीन कृषि विज्ञान केंद्रों के सहयोग से, पिछले अड़तालीस वर्षों में कृषि विकास, प्रौद्योगिकी प्रसार, सतत आजीविका और द्वीप कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

<><><><><><><><><><>

पर्यटन विभाग सभी संबद्ध विभागों के सहयोग से छब्बीस से अट्ठाईस जून, तक प्रदर्शनी मैदान में 'मानसून फूड एंड स्पाइस फेस्ट' का आयोजन करने जा रहा है। इसके साथ ही कार्बाइंस कोव समुद्र तट में बीच स्पोर्ट्स भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए इच्छुक होटल व्यवसायी, रेस्तरां मालिक, खाद्य विक्रेता, स्वयं सहायता समूह और व्यक्तिगत प्रतिभागी थीम–आधारित वस्तुओं की बिक्री और

प्रदर्शनी के लिए जगह आरक्षित कर सकते हैं। इस उत्सव का उद्देश्य द्वीपसमूह को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने के साथ–साथ स्थानीय उद्यमों के लिए स्थायी आजीविका एवं उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। इच्छुक व्यक्ति चौबीस जून तक पर्यटन विभाग के ईमेल के माध्यम से अपना विवरण साझा कर सकते हैं। स्टॉल के लिए आवेदन पत्र विभाग की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र तेईस जून दिन में ग्यारह बजे तक जमा किया जा सकता है। चौबीस जून को समिति द्वारा स्टॉल का आवंटन और आवंटन पत्र जारी किया जाएगा।

<><><><><><><>

आबकारी कानूनों को लागू करने और अवैध शराब रखने पर रोक लगाने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, रंगत थाना प्रभारी इंस्पेक्टर मोहम्मद समीर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कल छापेमारी अभियान चलाया। इस कार्रवाई के दौरान, टीम ने सैंतीस वर्षीय बिजेंद्र कुमार यादव के कब्जे से छियासठ शराब की बोतलें बरामद कीं। पुलिस ने जब्त की गई शराब को कब्जे में ले लिया और उसके खिलाफ मामला दर्ज किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आरोपी पहले भी  रंगत थाना में आबकारी से जुड़े एक मामले में शामिल रह चुका है।

<><><><><><><>